प्रेस विज्ञप्ति

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान परामर्श केंद्र के तत्वाधान में रक्षा टीम बिलासपुर पुलिस के साथ परिसर में स्थित तीनों कन्या छात्रावासों में बालिका सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम की एक श्रंखला आयोजित की गई इस श्रंखला के अंतर्गत सर्वप्रथम दिनांक 4 अप्रैल 2023 ,10 अप्रैल 2023 एवं 27 अप्रैल 2023 को क्रमशः मिनीमाता कन्या छात्रावास, बिलासा देवी कन्या छात्रावास एवं राजमोहिनी देवी कन्या छात्रावास में रहवासी छात्राओं मैं सुरक्षा से संबंधित जानकारी एवं असुरक्षा की भावना और जानकारी के अभाव की वजह से मानसिक स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। रक्षा टीम बिलासपुर की इंस्पेक्टर दुर्गा किरण पटेल ,आरक्षक हेमलता गौरव एवं निर्मलकर द्वारा मोबाइल ऐप अभिव्यक्ति जोकि सिर्फ बालिका एवं महिला की सुरक्षा हेतु ही बनाया गया है से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई एवं छात्राओं के मोबाइल में वह ऐप डाउनलोड भी करवाया गया साथ ही छात्राओं को आश्वस्त किया गया किसी भी परेशानी में रक्षा टीम उनके साथ है साइबर क्राइम से संबंधित जानकारियों से भी छात्राओं को अवगत कराया गया। मनोविज्ञान परामर्श केंद्र की समन्वयक डॉक्टर राजेश्वरी गर्ग ने छात्राओं को आत्मविश्वासी होने एवं समस्या आने पर मनोबल को ना गिराते हुए शांत मन से समाधान की ओर कदम उठाने हेतु प्रेरित किया । इस कार्यक्रम से तीनों छात्रावासों की लगभग 250 छात्राएं लाभान्वित हुई । रक्षा टीम ने छात्राओं की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया । कार्यक्रमों की इन श्रंखला में तीनों छात्रावासों की प्रशासनिक अधिक्षिकाये एवं अधिक्षिकाये उपस्थित थी ।

Minimata Girls Hostel

GPS Map Camera
Bilaspur, Chhattisgarh, India
44FQ+PR9, Koni, Bilaspur, Chhattisgarh 495009, India
Lat 22.124485°
Long 82.139393°
04/04/23 06:32 PM GMT +05:30
Google

Bilasa Devi Girls Hostel

Rajmohini Devi Girls Hostel

GPS Map Camera
Bilaspur, Chhattisgarh, India
GG vishwavidyalya Girls Hostel, KPS Rd, Koni,
Bilaspur, Chhattisgarh 495009, India
Lat 22.124239°
Long 82.137961°
27/04/23 06:59 PM GMT +05:30
Google